Sahitya Samhita (साहित्य संहिता)
Available at http://www.sahityasamhita.org/
ISSN 2454-2695
Volume 04 Issue 06
JUNE 2018

गाय पर निबंध

अजय कुमार

गाय एक बहुत ही उपयोगी पालतू जानवर है। यह एक सफल घरेलू जानवर है और कई उद्देश्यों के लिए घर पर लोगों द्वारा रखी जाती है। यह बड़ी शरीर, दो सींग, दो आंख, दो कान, एक नाक, एक मुंह, एक सिर, एक बड़ी पीठ और पेट वाली महिला जानवर है। यह ज्यादा खाना खाती है। यह हमें स्वस्थ और मजबूत बनाने के लिए दूध देती है। दूध हमारी प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और संक्रमण व अन्य रोगों से बचाता है। यह एक पवित्र पशु है और भारत में एक देवी की तरह पूजा जाता है। हिंदू समाज ने गाय को माँ का दर्जा दिया है और "गऊ माता" कह कर बुलाते है|

यह कई प्रयोजनों के लिए उपयोगी दूध देने वाली जानवर है। हिंदू धर्म में यह माना जाता है की गऊ दान सबसे बड़ा दान है। गाय हिंदुओं के लिए एक पवित्र पशु है। गाय अपने जीवन काल में हमें बहोत लाभ देता है और यहां तक की मरने के बाद भी बहोत उपयोगी है। जीवित रहने पर ये दूध, बछड़ा, बैल, गोबर, गोमूत्र देती है और मृत्यु के बाद इसके चमड़े और हड्डियों को काम में लाया जाता है। अतः हम कह सकते है की यह हमारे लिए पूरी तरह से उपयोगी होती हैं| हम इसके दूध से कई उत्पाद बना सकते है जैसे की घी, क्रीम, मक्खन, दही, मट्ठा, मिठाई इत्यादि और इसके मूत्र व गोबर प्राकृतिक उर्वरक के रूप में किसानों के पेड़, पौधों और फसलो के लिए अत्यधिक उपयोगी है|

ISSN 2454-2695
Volume 04 Issue 06
JUNE 2018

यह हरी घास, खाद्य पदार्थ, अनाज और अन्य खाद्य चीजें खाती है। गाय के पास दो मजबूत सिंग होता है जो इसकी और इसके बछड़े की रक्षा के लिए उपयोगी होती है, अगर कोई इसे या इसके बछड़े को परेशान करता है तो वो इसी सिंग से उसपर हमला करके खुद को और अपने बछड़े को बचाती है| इसके पूछ पे लम्बे लम्बे बाल होते है जो की यह मक्खी व अन्य कीड़ो को अपने ऊपर से भगाने में प्रयोग करती है| गाय अलग अलग क्षेत्र में अलग अलग रंग और आकार के होते है। कुछ गाय काले कुछ सफ़ेद तो कुछ मिश्रित रंग के होते है| यह कई मायनों में वर्षों से मानव जीवन में मदद की है। गाय कई वर्षो से हमारे जीवन को स्वस्थ बनाने का कारण बनी है। मानव जीवन को पोषित करने और गाय की उत्पत्ति के पीछे एक महान इतिहास छुपा है| हम सब हमारे जीवन में इसके महत्व और आवश्यकता को जानते हैं और हमेशा हमें इसका सम्मान करना चाहिए। हमें गायों को कभी चोट नहीं पहुचनी चाहिए और उन्हें समय पर उचित भोजन और पानी देना चाहिए।